बिहार पशु चिकित्सा संघ

कार्यालय - विद्यापति मार्ग, पटना-800001

डॉ० विनोद कुमार मुक्ता

प्रधान महासचिव

मो० 7488601083 e-Mail : bvapatna@gmail.com

पत्रांक- ....24......... **दिनांक- ....23-03-2020......**

सेवा में,

सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी,

बिहार।

विषय ः– COVID – 19 (कोरोना) जागरुकता अभियान के संबंध में।

महाशय,

बिहार पशु चिकित्सा संघ के माध्यम से बिहार के सभी 534 प्रखंडों में COVID – 19 के खिलाफ एक सप्ताह का कोरोना जागरुकता अभियान चलाने का निर्णय लिया है, जिसमें सामाजिक दूरी बनाते हुए सभी पशु चिकित्सक इस महामारी के खिलाफ अपनी सामाजिक एवं तकनीकी जवाब देही को समझते हुए मानव जाति की रक्षा हेतु संबंधित सभी प्रखंड, अनुमंडल, जिला एवं राज्य स्तर पर सहयोग करेंगे। सभी जनों को इससे बचाने एवं दुसरों को संक्रमित होने से बचाव के बारें में पशु चिकित्सक आगे आयेंगे और अपनी सामाजिक एवं सरकारी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुये समाज में कोरोना बीमारी की रोकथाम के लिए जो उपाय एवं दिशा–निर्देश भारत सरकार एवं बिहार सरकार के द्वारा बताई जा रही है, उसे जन–जन तक अपने एवं जनप्रतिनिधि के माध्यम से पहुँचा कर इस बीमारी को महामारी का रुप लेने से बचा सकते हैं, साथ ही व्हाट्सएप एवं मोबाइल के माध्यम से भी अपने प्रखंड, अपने गाँव, अपने समुदाय के लोगों को बचाव की पूरी जानकारी देकर जागरुक करेंगे। सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर किये गये जागरुकता कार्यक्रम की समेकित सूचना प्रिंट मीडिया एवं अन्य मीडिया को दे; ताकि आपके द्वारा जनहित में किये गये कार्य अन्य लोगों के लिए प्रेरणदायक हों। राज्य के सम्पूर्ण पशु चिकित्सक इस संकट की घड़ी में सरकार के साथ है।

विश्वासभाजन

ह0/–

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)

प्रधान महासचिव

ज्ञापांक ......24....../ बिप0चि0संघ पटना, दिनांक......23.....मार्च, 2020

प्रतिलिपि ः–सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना / निदेशक, पशुपालन, बिहार को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

Bmukta 22.03.20

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)

प्रधान महासचिव